दिल्ली जल बोर्ड : दिल्ली सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त(जल)
वरुणालय फेस-२, करोल बाग़,
नई दिल्ली – ११०००५.
दूरभाष : ०११-२३५४४७९६
ई-मेल आई. डी. : ac.water22@yahoo.co.in

पत्रांक: दि. ज़. बो./23(2012)/स. आयु.(जल)/2014/ 1714 दिनांक : 25.09.2014

विषय : शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का दिल्ली जल बोर्ड के कामकाज में हिंदी की उपेक्षा - पानी के बिल केवल अंग्रेजी में बनाकर भेजे जाना सम्बंधित पत्र ।

उपरोक्त विषय में मुख्य सचिव को सम्बोधित सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, दिल्ली के सलग्न पत्र क्रमांक शि. सं. न्यास / रा. सर./4/2013-14 दिनांक : 08.08.2014 के सन्दर्भ में आपसे निवेदन है की कृपया कि मामले को उचित कार्यवाही करें तथा की गई कार्यवाही से न्यास को अवगत करा दें।

धन्यवाद,

भवदीय ,

संलग्न : यथोक्त

(अमित कुमार जैन)
सहायक आयुक्त (जल)

1. निर्देशक(राजस्व), दिल्ली जल बोर्ड
2. सचिव , दिल्ली जल बोर्ड
3. मुख्य अभियंता(जल)परियोजना
4. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
5.अधिशासी अभियंता(इ. डी. पी.)
5.परामर्शदात्री (जन संपर्क)

EXECUTIVE ENGINEER (EDP)
DIARY No. 3540
DATE 26/9/2014

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दिल्ली जल बोर्ड
2. सदस्य (प्रशासन)/ सदस्य (वित्त)
3. निर्देशक (प्रशासन एवं कार्मिक)
4. सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, सरस्वती बाल मंदिर, जी ब्लॉक, नारायणा विहार, नई दिल्ली – 110028.

AE-I

सहायक आयुक्त (जल)

अनुस्मारक–4

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास

सरस्वती बाल मन्दिर, जी ब्लाक, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028

☎:– 011–25898023, 65794966, 9811126445, 9868100445

website:, bharatiyashikasha.com

Email:dina_nathbatra@hotmail.com, atulabvp@gmail.com

पत्र क्रमांक शि.सं.उ.न्यास./रा.सर./4/2013–14 दिनांक: 08.8.2014

सेवा में,

माननीय मुख्य सचिव,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार,
दिल्ली सचिवालय, आई.टी.ओ.,
नई दिल्ली–110002

विषय : दिल्ली जल बोर्ड के कामकाज में हिन्दी की उपेक्षा – पानी के बिल केवल अंग्रेजी में बनाकर भेजे जाना।

संदर्भ
1. हमारा समसंख्यक पत्र दिनांक 22.8.2013, 21.1.2014, 17.5.2014, 6.6.2014
2. हिन्दी अधिकारी का पत्र संख्या 08 (05)/2013–14/क0सं0 एवं भाषा/2985 दिनांक 10.1.2014
3. सचिव, दिल्ली जल बोर्ड का पत्र संख्या दि.ज.बो./सचिव/एजेंडा/2014/842 दि0 30.6.2014

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भोक्त पत्रों का कृपया, अवलोकन करें, जिनका उत्तर हमें आज तक भी प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि हिन्दी के प्रोत्साहन के सम्बंध में कुछ अन्य जानकारी 30.6.2014 के पत्र में दी गई है।

जैसा कि हम पहले भी अपने पत्रों में लिख चुके हैं कि दिल्ली जल बोर्ड के कामकाज में हिन्दी की घोर उपेक्षा की जा रही है। लगभग एक वर्ष पहले तक, दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पानी के बिल हिन्दी में बनाकर भेजे जाते थे, किंतु पिछले कुछ महीनों से यह बिल केवल अंग्रेजी में बनाकर भेजे जाते हैं। के. नं0 4105030000 का 441/– रू0 का बिल, जो 23 मार्च, 2014 को बनाकर भेजा गया है, वह बहुत छोटा (2" X 8") है, तथा एम्बोसिंग मशीन पर बनाया गया है, जिसके खो जाने का डर तो है ही अंग्रेजी में होने के कारण समझ में भी नहीं आता है, तथा उसकी फोटो कॉपी भी नहीं निकल पा रही है।

2. हाल ही में जल बोर्ड द्वारा **Application for Voluntary Disclosure of Existing Bore-Wells / Tube-Wells** का एक और फॉर्म, अंग्रेजी में उपलब्ध कराया गया है जिसमें हैण्ड पम्प, बोरवेल, ट्यूब वैल आदि के बारे में सूचना भरकर तीन प्रतियों में देने को कहा गया है (प्रतिलिपि संलग्न)।

3. दिल्ली जल बोर्ड की 'वेबसाइट' अंग्रेजी में है तथा यह फॉर्म भी केवल अंग्रेजी में है।

4. श्री यू.वी.त्रिपाठी, सचिव, जल बोर्ड की मोहर भी केवल अंग्रेजी में है।

अतः अनुरोध है कि इस मामले की जाँच कराई जाए तथा राजभाषा नीति और नियमों का जानबूझकर उल्लंघन करने वाले सम्बंधित अधिकारी के विरुद्ध यथोचित कार्रवाई की जाए।

कृपया, की गई कार्रवाई/वस्तुस्थिति से न्यास को अवगत कराया जाए।

भवदीय

(अतुल कोठारी)
सचिव

प्रतिलिपि : मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
दिल्ली जल बोर्ड, वरुणालय,
झण्डेवालान, नई दिल्ली–110055 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

Asstt. Commissioner (W)
Delhi Jal Board
Diary No. 3956
Date 28-08-2014

Chief Executive Officer
26 AUG 2014
Diary No. 7478

Diary No. 5267
Date 27.8.2014

3454
27/8/14

Recd without enclosures

Sh. Sanjay Programmer